बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

32वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा

(विज्ञापन संख्या–23/2023)

असैनिक न्यायाधीश (कनीय कोटि) के पदों पर नियुक्ति हेतु 32वीं बिहार न्यायिक सेवा (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰–23/2023) से संबंधित ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तारित अंतिम तिथि 08.05.2023 को मध्याह्न के बाद आवेदन भरने के क्रम में तकनीकी समस्या आ जाने के संबंध में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये अभ्यावेदन के आलोक में वैसे अभ्यर्थी जो विज्ञापन की निर्धारित अंतिम तिथि 27.03.2023 तक विहित शैक्षणिक योग्यता (विधि स्नातक अथवा समतुल्य परीक्षोत्तीर्ण) धारित करते हो एवं अन्य सभी शर्तें पूरी करते हों और उक्त आशय का प्रमाण पत्र उनके पास उपलब्ध हो, किन्तु तकनीकी कारणवश ऑनलाइन आवेदन नहीं भर सके हों, वे स्वेच्छा से निम्न कंडिका–2 में निर्धारित शुल्क के समतुल्य राशि विलम्ब शुल्क बैंक ड्राफ्ट के रूप में **SECRETARY, BIHAR PUBLIC SERVICE COMMISSION, PATNA** के नाम से बनवाकर आयोग कार्यालय में दिनांक–12.05.2023 को जमा करते हुए केवल **दिनांक 12.05.2023 को ही ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं।** विलम्ब शुल्क का भुगतान बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से नहीं किये जाने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।

2. निर्धारित शुल्क निम्नवत है :–

क्र॰ सं॰	आरक्षण कोटि	पूर्व में निर्धारित शुल्क (मूल विज्ञापन में कंडिका 7 के अनुसार)	विलम्ब शुल्क की राशि (केवल बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतेय है)	कुल राशि
1	सामान्य अभ्यर्थी/अन्य सभी अभ्यर्थी	600/– (छ:सौ) रूपये	600/– (छ:सौ) रूपये	1200/–
2	केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, बिहार राज्य के स्थायी निवासी सभी (आरक्षित/अनारक्षित वर्ग की) महिला उम्मीदवार, दिव्यांग अभ्यर्थी (40% या उससे अधिक)	150/– (एक सौ पचास) रूपये	150/– (एक सौ पचास) रूपये	300/–

3. विज्ञापन की कंडिका–6 नोट (2) में अंकित शैक्षणिक योग्यता, विधि स्नातक अथवा समतुल्य परीक्षोंत्तीर्ण से संबंधित प्रमाण पत्र/अंक पत्र ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम **तिथि 27.03.2023** तक या पूर्व का होना अनिवार्य है।
4. ऑनलाइन आवेदन भरने (Submit) के बाद सुधार (Edit) करने का Link उपलब्ध होगा, जो ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम विस्तारित तिथि यानि **दिनांक 12.05.2023** को ही उपलब्ध रहेगा। वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में ऑनलाइन आवेदन भर चुके हैं, वे दोबारा ऑनलाइन आवेदन नहीं भरेंगे।
5. पूर्व में दिनांक 20.02.2023 को प्रकाशित विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाय एवं अन्य शेष शर्तें यथावत रहेंगे।

11/5/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना